बिहार विधान परिषद्

सत्र-199

29 नवम्बर, 2021

प्रारंभिक संबोधन

श्री अवधेश नारायण सिंह

कार्यकारी सभापति

प्रारंभिक संबोधन

सत्र – 199

29 नवम्बर, 2021

मान्नीय नेता, सत्तारूढ़ दल

माननीय उप नेताद्वय, सत्तारूढ़ दल

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल

मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् का 199वां सत्र आज से आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। बिहार विधान परिषद् के विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, माननीय उप नेताद्वय, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल तथा माननीय सदस्यगण का हार्दिक स्वागत करता हूं। साथ ही, लोकतंत्र के सजग प्रहरी एवं महत्वपूर्ण स्तंभ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार-छायाकार प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूं।

बिहार विधान परिषद् के इस शीतकालीन सत्र में आज दिनांक 29 नवम्बर से लेकर 3 दिसम्बर तक कुल पांच बैठकें होंगी। मुझे आशा है कि इस छोटे सत्र में जनता के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों एवं प्रदेश के विकास से जुड़े ज्यादा-से-ज्यादा विषयों को सदन के पटल पर लाया जाएगा।

बिहार विधान मंडल में 21 अक्तूबर, 2021 को शताब्दी स्मृति स्तंभ का शिलान्यास, परिसर में महाबोधि वृक्ष का पौधारोपण और समारोह में आगत अतिथियों को संबोधित करने के लिए हम महामहिम राष्ट्रपति महोदय के प्रति आभारी हैं। उनके संबोधन से हम ऊर्जान्वित हुए हैं और जन कल्याण के लिए हमारी नई सोच विकसित हुई है। शताब्दी समारोह में पधार कर अनुगृहीत करनेवाले अतिथियों के प्रति भी हम धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

अवधेश नारायण सिंह
कार्यकारी सभापति
बिहार विधान परिषद्

यह गौरव का विषय है कि नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) अंगीकार करने में बिहार विधान परिषद् देश का प्रथम सदन है। सदन वेश्म में माननीय सदस्यों की सीट पर कम्प्यूटर टैब लगाया गया है। माननीय सदस्यगण एवं माननीय मंत्रीगण का लॉगिन आई-डी तैयार कर लिया गया है। इस नई तकनीक का उपयोग करने में अभ्यस्त होने पर संसदीय दायित्वों के निर्वहन में काफी सुविधा होगी। सदन की रिपोर्टिंग करनेवाले प्रेस प्रतिनिधि और सुधी नागरिकों को भी सदन की कार्यवाही का उपयोग करने में सुविधा होगी।

इसके कार्यान्वयन में मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के लिए सदन की ओर से बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और भारत सरकार के माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी के प्रति हम आभार प्रकट करते हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के विकसित बिहार के सपना को कार्यान्वित करने का यह प्रयास प्रशंसनीय है।

25 नवम्बर, 2021 को इसका उद्घाटन होने के बाद प्राप्त बधाई संदेशों के लिए हम सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत नेवा परियोजना क्रियान्वित हुई है। हम माननीय सदस्यों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि दस्तावेजीकरण में विधान परिषद् की पारंपरिक व्यवस्था कायम रखी जाएगी। हम यह भी चाहते हैं कि विधान परिषद् के सभी रिकॉर्ड को भी पारंपरिक ढंग से सहेज कर रखने की व्यवस्था रहे ताकि आगे आनेवाले समय में हम इसके लिए सिर्फ कम्प्यूटर पर ही आश्रित न रहें।

26 नवंबर, 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संसद के केन्द्रीय कक्ष में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया एवं महामहिम राष्ट्रपति के नेतृत्व में भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठ किया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम सभा, विधानसभा और संसद के निर्वाचित प्रतिनिधियों की लोगों के कल्याण के लिए और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विचारधारा में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन कोई भी मतभेद इतना बड़ा नहीं होना चाहिए कि वह जन

सेवा के वास्तविक उद्देश्य में बाधा बने। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों में प्रतिस्पर्धा होना स्वाभाविक है, लेकिन यह प्रतिस्पर्धा बेहतर प्रतिनिधि बनने और जन-कल्याण के लिए बेहतर काम करने की होनी चाहिए।

संविधान दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्य अत्यंत सारगर्भित हैं। भारत में जनतांत्रिक व्यवस्था के विकास में और भारत के संविधान की भावना के अनुरूप शासन व्यवस्था बनाने के लिए अत्यंत उपयोगी भी हैं।

राज्य सरकार की मद्य निषेध के प्रति प्रतिबद्धता का पूर्ण समर्थन करते हुए 26 नवम्बर, 2021 को विधान परिषद् के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संपूर्ण शराब मुक्ति का संकल्प लेकर अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया है। विधान परिषद् परिवार इसके लिए कृतसंकल्पित है कि मद्य निषेध अभियान में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हम आवश्यक सहायता करेंगे ताकि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मद्य निषेध युक्त बिहार के संकल्प को पूरा किया जा सके।

पिछले सत्रों की तरह इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारीगण एवं मीडिया प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की आशा रखता हूं।

अंत में, मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं।

धन्यवाद !

अवधेश नारायण सिंह

29 नवम्बर, 2021